कार्यों की सूचना

मेल्टन स्टेशन - सितंबर में 24/7 खुला रहेगा

हम 2026 में मेल्टन को बूम गेट मुक्त बनाने के लिए मेल्टन में Coburns, Exford और Ferris roads और Truganina में Hopkins रोड पर चार खतरनाक और भीड़भाड़ वाले लेवल क्रॉसिंग को हटा रहे हैं। हम एक नया आधुनिक और सुलभ मेल्टन स्टेशन भी बना रहे हैं।

हम क्या कर रहे हैं

हम Coburns रोड के पश्चिम से Cobblebank स्टेशन तक और रेल कॉरिडोर के आसपास, **शुक्रवार, 5 सितंबर को रात 8 बजे से सोमवार, 15 सितंबर को सुबह 4 बजे** तक 24 घंटे निम्न काम करेंगे:

- रेल पुल की नींव और नए मेल्टन स्टेशन का निर्माण
- रेल सिग्नलिंग कार्य
- मेल्टन स्टेशन परिसर में संरचनाओं को हटाना।

शनिवार 6 सितंबर से मेल्टन स्टेशन परिसर में आपके आने-जाने के तरीके में बदलाव होंगे। अधिक जानकारी के लिए नक्शा देखें।

जब तक हम ये काम पूरा कर रहे हैं, तब तक Ballarat, Ararat और Maryborough लाइनों पर Bacchus Marsh और Caroline Springs स्टेशनों के बीच **शनिवार 6 सितंबर को पहली सेवा से लेकर रविवार 14 सितंबर को अंतिम सेवा तक** ट्रेनों की जगह बसें चलेंगी ।

अधिक जानकारी के लिए तथा अपनी यात्रा की योजना बनाने के लिए ptv.vic.gov.au पर जाएं तथा कृपया अतिरिक्त यात्रा समय का प्रावधान रखें।

हम कहाँ और कब काम करेंगे

स्थान	दिनांक और समय	गतिविधि
Exford रोड	**शुक्रवार, 5 सितंबर, रात 8 बजे से गुरुवार, 11 सितंबर, सुबह 7 बजे तक**	• Brooklyn रोड और Staughton स्ट्रीट के बीच Exford रोड बंद • Coburns रोड से घूम कर जाने का रास्ता • पैदल यात्रियों के लिए पहुँच जारी रहेगी
मेल्टन स्टेशन परिसर के भीतर	**6 सितंबर से**	• रेल लाइन के उत्तरी किनारे पर अस्थायी स्टेशन खोलना • रेल बदलने के कोच बे को उत्तरी कार पार्क में स्थानांतरित करना • वर्तमान मेल्टन स्टेशन और स्टेशन अंडरपास को बंद करना • 60 कार स्थानों तक को अस्थायी रूप से बंद करना
Coburns रोड के पश्चिम से Cobblebank स्टेशन तक रेल गलियारे में	**शनिवार 6 सितंबर 12.40 सुबह से सोमवार 15 सितंबर सुबह 4 बजे तक**	• रेल सिग्नलिंग कार्य • रेल पुल की नींव स्थापित करना • नए मेल्टन स्टेशन पर कार्य

levelcrossings.vic.gov.au

1800 105 105 (किसी भी समय कॉल करें)

contact@levelcrossings.vic.gov.au

अंग्रेज़ी के अलावा अन्य भाषाओं के लिए कृपया 9209 0147 पर कॉल करें।

यदि आप यह जानकारी सुलभ प्रारूप में चाहते हैं, तो कृपया हमसे संपर्क करें। यदि आपको सुनने या बोलने में असमर्थता के कारण सहायता की आवश्यकता है, तो **relayservice.gov.au** पर जाएँ।

क्या उम्मीद करें

- चौबीसों घंटे काम होगा
- वाहन चालकों, पैदल यात्रियों और साइकिल सवारों की सहायता के लिए यातायात प्रबंधन और डायवर्ज़न की व्यवस्था की गई है
- क्षेत्र में अतिरिक्त निर्माण वाहन और श्रमिक
- क्षेत्र में शोर और यातायात की आवाजाही में बढ़ोतरी
- रात्रिकालीन कार्यों के दौरान अतिरिक्त प्रकाश व्यवस्था
- मेल्टन स्टेशन परिसर में और उसके आसपास बीच-बीच में लेन बंद करना और अस्थायी रूप से कार के लिए जगह बंद करना

कृपया क्षेत्र में लगे संकेतों और यातायात नियंत्रकों के निर्देशों का पालन करें।

व्यवसायों और घरों तक पहुँच बनी रहेगी। कृपया क्षेत्र से गुजरते समय अतिरिक्त समय लें।

हम समय पर काम पूरा करने का हर संभव प्रयास करेंगे; हालाँकि, तारीखें और समय बदल सकते हैं।

घूमकर जाने का नक्शा

अपडेट के लिए साइन अप करें
levelcrossings.vic.gov.au

स्टेशन परिसर का नक्शा

अधिक जानकारी

परियोजना के बारे में अधिक जानने के लिए levelcrossings.vic.gov.au/melton पर जाएं

ईमेल अपडेट के लिए **levelcrossings.vic.gov.au/subscribe** पर साइन अप करें और **Geelong–Ballarat–Melton लाइन** के अंतर्गत **Coburns और Exford** रोड्स, मेल्टन का चयन करें।

यदि आपके कोई प्रश्न हों या आप अधिक जानकारी चाहते हों, तो कृपया **contact@levelcrossings.vic.gov.au** पर ईमेल करें या हमें **1800 105 105** पर, सप्ताह के सातों दिन, 24 घंटे कॉल करें।

आदर सहित,

मेल्टन लेवल क्रॉसिंग हटाने की परियोजना

अंग्रेजी के अलावा अन्य भाषाओं के लिए कृपया 9209 0147 पर कॉल करें

हिंदी – Hindi	9209 0147	**Mga Tagalog – Tagalog**	9209 0147
Việt Ngữ – Vietnamese	9209 0147	**ਪੰਜਾਬੀ – Punjabi**	9209 0147